हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
# देश की उपासना
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
dku live & dkunews24
वर्ष : 03 अंक–216 : जौनपुर, गुरुवार 02 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## कोविड के नए वैरिएंट को लेकर गृह विभाग हुआ सतर्क :सक्रिय किया गया कंट्रोल रूम

लखनऊ ब्यूरो : कोविड के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर गृह विभाग की ओर से नए दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कोविड के लिए गृह विभाग के कंट्रोल रूम को भी सक्रिय कर दिया गया है साथ ही जिलों के अधिकारियों से विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि लखनऊ और वाराणसी के जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने अपने जिलों में पुलिस आयुक्तों के साथ एयरपोर्ट का निरीक्षण करें और थर्मल स्कैनिंग सुनिश्चित कराएं। प्रभावित देशों से आने वाले कोविड पाजिटिव पाए जाने वाले यात्रियों का अलग से आइसोलेशन बनाया जाए और उन्हें आइसोलेट किया जाए। निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार इलाज कराया जाए और कांटैक्ट ट्रेसिंग की जाए। अवस्थी ने कहा कि ऐसे जिले जहां एयरपोर्ट हैं, वहां एक–एक कोविड हास्पिटल को चिन्हित कर उसे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के आइसोलेशन के लिए रिजर्व किया गया है। इस संबंध में संबंधित जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और मुख्य चिकित्साधिकारियों से दो दिन के अंदर निरीक्षण आख्या पेश करने को कहा गया है। नोएडा और गाजियाबाद के जिलाधिकारी पहले की तरह दिल्ली से स्थापित करें समन्वय। अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा है कि नोएडा और गाजियाबाद के जिलाधिकारी पहले की तरह दिल्ली से समन्वय स्थापित कर अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के संबंध में विशिष्ट आदेश जारी करें। विदेशों से आने वाले यात्रियों का कोविड कमांड कंट्रोल रूम से सात दिनों तक लगातार हाल चाल लिया जाए। किसी अंतरराष्ट्रीय यात्री या उनके परिजनों में कोविड के लक्षण पाए जाते हैं तो टीम घर भेज कर सभी का आरटीपीसीआर टेस्ट कराएं। नोएडा के जिलाधिकारी को बनाया नोडल अधिकारी। अपर मुख्य सचिव ने नोएडा के जिलाधिकारी सुहास एलवाई को राज्य सरकार की ओर से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों का विवरण उपलब्ध कराने के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जिलाधिकारियों को रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों पर सैंपलिंग कराने और थर्मल स्कैनिंग कराने के निर्देश दिए गए हैं खास कर ऐसे बस स्टेशन जहां दूसरे राज्यों से बसें आती हैं वहां विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा है कि सभी सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक दूरी, मास्क पहनना एवं हाथों को सैनिटाइज करने का कड़ाई से पालन कराया जाए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा है कि विदेश से आने वाले किसी यात्री के कारण कोरोना का संक्रमण फैलता है तो संबंधित जिले के अधिकारी इसके जिम्मेदार होंगे।

## बिना जांच कराए किसी यात्री का यूपी में प्रवेश नहीं : सीएम योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : कई देशों में नए वैरिएंट के बढ़ते मामलों के बीच सर्वाधिक आबादी वाले प्रदेश के सभी बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सर्तकता बरतने के निर्देश बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दिए हैं। सीएम ने उच्चस्तरीय बैठक में मास्क को अनिवार्य करने और कोविड प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन कराने के आदेश जारी किए हैं। सीएम ने कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर प्रदेश में जीनोम सीक्वेंसिंग की रफ्तार को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मामले में गौतमबुधनगर के जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से प्रदेश आने वाले यात्रियों का विवरण उपलब्ध कराएंगे। सीएम ने बैठक में कहा कि दूसरे देशों और प्रदेशों से यूपी आ रहे हर व्यक्ति की आरटीपीसीआर जांच की जाए। उन्होंने कहा कि बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के साथ ही बिना जांच किए किसी यात्री को बाहर न आने दिया जाए। पहले चरण में इंटरस्टेट कनेक्टिविटी वाले बस स्टेशन पर जांच को तेजी से बढ़ाते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतें। सीएम ने केंद्र सरकार की तरफ से जारी गाइडलाइंस को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के आदेश दिए। प्रदेश में बीते 24 घंटों में हुई एक लाख 53 हजार 569 सैम्पल की जांच में कुल सात संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में तीन संक्रमित कोरोना मुक्त भी हुए। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 92 है। उन्होंने कहा कि लखनऊ के केजीएमयू , पीजीआई, गोरखपुर, झांसी, मेरठ में तेजी से जीनोम सीक्वेंसिंग की व्यवस्था की जाए। प्रदेश में पांच करोड़ तीन लाख अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। 11 करोड़ 23 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। यह संख्या टीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी की लगभग 76.20 फीसदी से अधिक है। इस प्रकार प्रदेश में अब तक 16 करोड़ 27 लाख से अधिक कोविड वैक्सीन डोज लगाए जा चुके हैं। कोविड टेस्टिंग और टीकाकरण में उत्तर प्रदेश देश में शीर्ष स्थान पर है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि कोविड टीकाकरण को और तेज करने के लिए ठोस प्रयास की जरूरत है। घर–घर जाकर सर्वेक्षण किया जाए। अब तक पहली डोज न पाने लेने वालों की अलग सूची तैयार कराएं। जिनका दूसरा डोज ओवरड्यू हो गया हो उनकी पृथक सूची बनाई जाए। दिव्यांग, अक्षम, निराश्रित, वृद्ध जनों से संपर्क कर उनका टीकाकरण कराएं। सीएमओ स्तर से ग्राम प्रधानों, पार्षदों का सहयोग लिया जाए। प्रदेश भर में पब्लिक एड्रेस सिस्टम की मदद से जागरूक करने की कवायद को शुरु किया जाए। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वैक्सीन का डोज प्राप्त कर सकें। कोविड पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए सावधानी और सतर्कता जरूरी है। विश्व के अनेक देशों में नए वैरिएंट




के संक्रमित मिलने की संख्या में बढोतरी हो रही है। ऐसे में हमें बहुत सतर्कता–सावधानी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी जगहों पर मास्क को अनिवार्य कराएं। इसके अलावा दूसरे देशों और प्रदेशों से उत्तर प्रदेश आ रहे हर व्यक्ति की जांच जरूर की जाए। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत है, बिना किसी की जांच किए उसे बाहर न आने दिया जाए। केंद्र सरकार की तरफ से गाइडलाइंस को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। पहले चरण में इंटरस्टेट कनेक्टिविटी वाले बस स्टेशन पर जांच को तेजी से बढ़ाते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतें। अब तक विभिन्न जिलों में कुल 525 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील किये जा चुके हैं। शेष प्लान्ट की स्थापना का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जाए। प्रदेश की जनता को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए परिवहन निगम की बसों को लेकर समीक्षा बैठक करें और बसों को जल्द से जल्द ठीक कराएं। प्रदेश के सभी कस्तूरबा गांधी विद्यालय, छात्रावास में सभी व्यवस्थाओं को ठीक किया जाए, इसको लेकर विभाग एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर समीक्षा करे और जवाबदेही तय करें। एसजीपीजीआई के दोनों कोविड अस्पताल होंगे शुरू। कोविड के नए वैरिएंट को लेकर एसजीपीजीआई में मरीजों को भर्ती करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। संस्थान के ट्रॉमा में बने 254 और मुख्य भवन में बने 72 बेड वाले कोविड अस्पताल दोबारा शुरू की जाएंगे। मरीजों के बढ़ने पर पहले 72 बेड वाला अस्पताल क्रियाशील होगा, फिर ट्रॉमा सेंटर में मरीज भर्ती किए जाएंगे।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स को प्रदेश सरकार ने प्रोत्साहन राशि देने का दिशा–निर्देश किए जारी


लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश सरकार ने पोषण अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी वर्कर और हेल्पर के लिए मासिक प्रोत्साहन देने संबंधी दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस बारे में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने शासनादेश जारी कर दिया है। इसके तहत मासिक प्रोत्साहन मापदंड तय किए गए हैं। आंगनबाड़ी वर्कर के लिए पोषण ट्रैकर एप डाउनलोड करना और लाभार्थियों का डाटा अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। लाभार्थियों को घर–घर जाकर टेक होम राशन वितरित करना, आंगनबाड़ी हेल्पर के लिए टेक होम राशन वितरण में सहयोग आदि प्रदान करना भी शामिल है। शासनादेश के अनुसार, प्रत्येक माह आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत 0–6 वर्ष के कम से कम 80 प्रतिशत सामान्य और अंडरवेट बच्चों का मापन किया गया हो। आंगनबाड़ी वर्कर के मानदंडों को पूरा करने पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसी तरह आंगनबाड़ी सहायिका के मानदंड पूरा करने पर 250 रुपये दिए जाएंगे।

## जिलाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओ की स्थिति जानने के लिए जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओ कि स्थिति जानने के लिए जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सी.एम.एस अनिल कुमार शर्मा को निर्देश दिया कि जिला अस्पताल के बाहर कैम्प लगाकर कोविड का टीका लगाए। अस्पताल के हाल में लगे टीवी को ठीक को तत्काल ठीक कराने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिये गए। विशेष प्रयोगशाला में जाकर किये गए टेस्टों के सम्बंध के जानकारी प्राप्त की। उन्होने रजिस्ट्रेशन कक्ष, टी.बी वार्ड, चेस्ट वार्ड एवं ओपीडी वार्ड का विस्तार से निरीक्षण किया और मरीजों से बात कर सम्बंधित चिकित्सको को आवश्यक दिशा – निर्देश दिया। महिला अस्पताल में एस एन सी यू वार्ड के निरीक्षण के दौरान सीएमएस महिला को निर्देश दिया कि मौसम बदल रहे जिससे नवजात शिशुओं पर विशेष ध्यान रखा जाए। डॉ संदीप से पोस्ट कोविड के मरीजों के सम्बंध में जानकारी ली, डॉ संदीप के द्वारा बताया गया कि अभी तक कोई केस नही आया है। जिला महिला चिकित्सालय के ओ.पी.डी के निरीक्षण के दौरान डॉक्टर शोभना दुबे से पूछा कि उनके द्वारा आज कितने मरीज देखे गए हैं, जिस पर उन्होंने बताया कि 24 मरीज देखे गए हैं। इस दौरान गर्भवती महिला शाहिबा परवीन से जानकारी ली कि उनके द्वारा आयरन की गोली ,टीकाकरण समय से कराया गया है कि नही। सी.एम.एस महिला को निर्देशित किया कि आशा एवं ए.एन.म की ट्रेनिंग कराई जाए जिसमें उन्हें ए एन सी कार्ड भरने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा फार्मासिस्ट अतुल शर्मा को निर्देश दिया गया कि बच्चों के जन्म के उपरांत ही जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्हाने मरीजों को बेहतर स्वास्थय संवाये प्रदान करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने मरीजों एवं तीमारदारों से अपील की कि वे मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

## थाना रामपुर पुलिस द्वारा छत्तीसगढ़ से गायब लोहे की सरिया व नकदी सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, पुलिस अधीक्षक जौनपुर महोदय के द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण सम्बन्धीं अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ महोदय के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष रामपुर ओम नारायण सिंह मय हमराह द्वारा दिनांक 12/11/2021 छत्तीसगढ़ प्रान्त से लगभग 30 टन लोहे की सरिया ट्रक सं0 यूपी–63टी–3747 चालक सहित गायब हो गई थी, उक्त के सम्बन्ध में थाना सूरजपुर जनपद सूरजपूर, छत्तीसगढ़ में अभियोग पंजीकृत हैं को दिनांक 01/12/2021 को सायं दौरान चेकिंग मुखबिर की सूचना पर परी ढाबा के पास भदोही की तरफ से आ रहे दो मोटरसाइकिल सवार को सात लाख चालीस हजार रूपये के साथ हिरासत पुलिस में लेकर रूपयों के सम्बन्ध में विस्तृत पूछताछ करते हुये पुलिस टीम द्वारा उक्त 15 टन 850 किग्रा0 सरिया तथा शेष सरिया के ब्रिकी का रकम 7 लाख 40 हजार जमुनीपुर थाना कोतवाली भदोही, सन्त रविदास नगर से बरामद की गई। जमुनीपुर थाना कोतवाली भदोही, सन्त रविदास नगर स्थित माँ शारदा धर्म कांटा पर दौरान दबिश अभयस्त रूप से चोरी का सामान खरीदने बेचने वाले तीन अभियुक्तगण दौरान दबिश भागने में सफल रहे । अभियुक्तगण से पूछताछ कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–1.अनिल गिरी पुत्र स्व0 चन्द्रबलि गिरी निवासी कोटिगाँव थाना रामपुर जनपद जौनपुर। 2.विक्की गिरी पुत्र अनिल गिरी निवासी कोटिगाँव थाना रामपुर जनपद जौनपुर। वाछिंत/फरार अभियुक्तगण का विवरण– 1. राजकरन यादव उर्फ मल्लू पुत्र बलदेव नि0 राजापुर थाना रामपुर जौनपुर। 2.अर्जुन यादव पुत्र स्व0 फूलचन्द यादव नि0 महबुबपुर कुकरौठी थाना कोतवाली भदोही, जनपद– सन्त रविदास नगर । 3.सुभाष चौहान पुत्र रामलखन चौहान नि0 घमहापुर थाना कोतवाली– भदोही, जनपद सन्त रविदास नगर । पूछताछ विवरणदृ गिरफ्तार अभियुक्तगण ने पूछताछ के



दौरान बताया गया कि उक्त लोहे की सरिया साकेत प्रोडक्ट एण्ड रोलिंग मिल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी से मधुबन मऊ पहुंचाना था परन्तु हम गिरफ्तार तथा फरार साथियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से भदोही क्षेत्र में सरिया छुपा कर ट्रक यूपी 63 टी 3747 को गम्भींरपुर आजमगढ़ में साथियों की मदद से लावारिस हालत में ट्रक छोड दिया गया था तथा हमारे परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस को हम लोगों के साथ किसी दुर्घटना हो जाने सम्बन्धी सूचना दी गई ताकि पुलिस हम लोगों पर शक न कर सके। शेष साथियों के सहयोग से पूर्व में भी गाडी से छोटे छोटे माल का हिस्सा चोरी छुपे हम लोग बेच देते थे। इस बार योजना के अनुरूप कुछ माल बिक चुका है जिसका पैसा हम लोगो के पास से बरामद हुआ हैं। अभियुक्तगण के सम्बन्ध में आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य स्थानो से की जा रही हैं। बरामदगी का विवरण– 1.एक मोटरसाइकिल। 2.7 लाख 40 हजार रूपये नगद। 3.15 टन 850 कुन्तल सरिया( अनुमानित कीमत 8,40,050 रूपये ) आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0स0–570/ 21 धारा–406 आईपीसी थाना सूरजपूर जिला सूरजपुर, छत्तीसगढ। पंजीकृत अभियोग– 1. मु0अ0सं0–199/2021 धारा–407/413/414/411/120बी आईपीसी थाना रामपुर जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी/ बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री ओम नारायण सिंह, थानाध्यक्ष थाना रामपुर, जनपद– जौनपुर। 2. उ0नि0 गोविन्द देव मिश्र, थाना रामपुर, जनपद– जौनपुर। 3.उ0नि0 राजेश सिंह थाना रामपुर, जनपद– जौनपुर। 4.हे0का0 अमित राय थाना रामपुर, जनपद– जौनपुर। 5.हे0का0 इन्द्रदेव सिंह, हे0का0 अखिलेश यादव, का0 आकाश चौहान,का0 राहुल गुप्ता थाना रामपुर, जनपद– जौनपुर।

## थाना केराकत पुलिस द्वारा 10 वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण में थाना केराकत पुलिस द्वारा प्र0नि0 लक्ष्मण पर्वत के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–390/21धारा–147/ 148/ 149/ 323/ 353/ 34/ 504/ 506 भा0द0वि0 व 7 सीएलए एक्ट में वांछित 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त गण का नाम पता– 1.आशीष शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा नि0 मीरजापुर थाना देवगाँव आजमगढ। 2.अजय जायसवाल पुत्र सुभाषचन्द्र जायसवाल नि0 नन्दापुर थाना देवगाँव आजमगढ। 3. नीरज गुप्ता पुत्र प्रमोद गुप्ता नि0 नन्दापुर थाना देवगाँव आजमगढ। 4. विजय कुमार शुक्ला पुत्र स्व0 गुरुदत्त शुक्ला नि0 चकनन्दा थाना देवगाँव आजमगढ। 5. चन्दन गुप्ता पुत्र सुरेन्द्र गुप्ता नि0 कस्बा देवगाँव थाना देवगाँव आजमगढ। 6.शीतला प्रसाद पुत्र छेदीलाल नि0 मीरजापुर थाना देवगाँव आजमगढ। 7.विनोद कुमार पुत्र स्व0 छेदीलाल गुप्ता नि0 मीरजापुर थाना देवगाँव आजमगढ। 8. मनोज कुमार



पुत्र स्व0 लालचन्द गुप्ता नि0 सिपाह थाना केराकत जौनपुर। 9.शिवम जायसवाल उर्फ विक्की पुत्र विजय जायसवाल नि0 नरहन थाना केराकत जौनपुर। 10. अंकित गुप्ता पुत्र दिलीप गुप्ता नि0 ‍ 1/239 सेक्टर थाना जानकीपुरम लखनऊ। आपराधिक इतिहास–1.मु0अ0सं0–390/ 21 धारा–147/ 148/ 149/ 323/ 353/ 34/ 504/ 506 भा0द0वि0 व 7 सीएलए एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री लक्ष्मण पर्वत, प्रभारी निरीक्षक थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2.उ0नि0 सदाशिव सिंह थाना केराकत जौनपुर। 3.हे0का0 सुग्रीव यादव, हे0का0 सुरेश सक्सेना, का0 रंजित यादव, का0 विनय यादव थाना केराकत जनपद जौनपुर।

### आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## फसल बीमा प्रचार वाहन को जिलाधिकारी ने किया रवाना’

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रधानमंत्री फसल बीमा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो जनपद के समस्त 21 विकास खंडों में भ्रमण कर योजना की जानकारी देगा, इस मौके पर योजना प्रभारी उप परियोजना निदेशक डॉ रमेश चंद्र यादव



ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संदेशों का प्रचार प्रसार ब्लाक स्तरीय किसान गोष्ठियों, क्षेत्रीय चौपालों में किया जा रहा है, जहां 31 दिसम्बर तक इच्छुक किसानों से फार्म भरवा करके उन्हें फसल बीमा योजना से लाभान्वित कराया जाएगा। इस मौके पर उप कृषि निदेशक जय प्रकाश, एचडीएफसी बीमा कंपनी के जिला कोऑर्डिनेटर महिमा प्रसाद एवं तहसील कोऑर्डिनेटर, शंभू प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## रैली निकाल पैरामेडिकल छात्र छात्राओं ने वोटर बनने हेतु किया जागरूक’

जौनपुर सू.वि. : स्वीप कार्यक्रम की कड़ी में मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत एसण्एसण्आरण्एमण् इंस्टीटयूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस एंड इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर तिघरा खुटहन से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और चुनाव के दिन शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में निर्वाचन साक्षरता क्लब एस.एस.आर.एम. पैरामेडिकल कालेज के छात्र




छात्राएं स्लोगन, बैनर, लिए नारा लगाते आप दे वोटए चुने अच्छे लोग। घर. घर अलख जगाएँगे, मतदाता जागरूक बनाएँगे। 18 वर्ष की उम्र कर ली पार, मिला वोट का अब अधिकार। युवा हो तुम देश की शान, जागो, उठो, करो मतदान। महिला पुरुष हो या दिव्यांग, शत् प्रतिशत बने मतदाता। आदि नारा लगाते लोगों को वोटर बनने व निर्वाचन शिक्षा बढ़ाने के लिए प्रेरित करते चल रहे थे। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफ ने कहा कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शत.प्रतिशत मतदान जरूरी है। इसके लिए आवश्यक है कि सबसे पहले मतदाता बनें। 1 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा था, जिसे निर्वाचन आयोग ने बढ़ाते हुए 05 दिसम्बर तक कर दिया है। इसलिए 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा व जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं है उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराकर लोकतंत्र के उत्सव में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि वोटर बनने एवं मतदाताओं को मत देने के लिए जागरूक करने के लिए उच्च शिक्षा संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। प्राचार्य डा पूजा पाण्डेय ने लोगों से मतदाता बनने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र का आधार ही सुदृढ़ मतदान व्यवस्था है। मतदाताओं को अपने मतदान के अधिकार पर गर्व करना चाहिए तथा जागरूक मतदान से विकसित व बेहतर सरकार की स्थापना करनी चाहिए। इस अवसर पर सौरभ सिंहए राजनाथ यादव, अभिषेक कुमार, अजीत कुमार, सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## ऊना हार्बर में डूबी आठ नाव का अभी तक नहीं चला पता : राहत बचाव कार्य जारी

गांधीनगर एजेंसी : गुजरात के तटीय इलाके ऊना हार्बर के नवादरा में मछली पकड़ने गए लोग अभी तक लापता हैं। 10 मछुआरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। भारतीय तटरक्षक बल की ओर से राहत और बचाव कार्य जारी है। खराब मौसम के चलते मछुआरों की नावएं समुद्र में डूबने की आशंका जताई जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारतीय तटरक्षक बल और स्थानीय पुलिस संयुक्त रूप से 8 लापता लोगों की तलाश और बचाव अभियान चला रही है। तलाश के दौरान हेलिकॉप्टर से भी मदद लिया जा रहा है। बुधवार की रात उना हार्बर मुहाने पर स्थित नवादरा के पास के इलाके में आए तूफान में 8 नावें डूब गई हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
शक्तियों का प्रयोग सृजन में करो, संहार में नहीं–
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# कोरोना की दूसरी लहर के बाद सुधरती अर्थव्यवस्था

अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की यह रफ्तार व्यापक आधार पर रही है, हालांकि निजी खपत, जो जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा है और व्यापार और परिवहन क्षेत्र वित्त वर्ष 2019–2020 की चौथी तिमाही यानी कोविड से पहले के स्तरों से तीन फीसदी और नौ फीसदी नीचे है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2020 के कोविड लॉकडाउन से अच्छी तरह उबर चुकी है, पर अब भी कुछ क्षेत्र पिछड़े हुए हैं, इस कारण रिकवरी असमान है। 30 सितंबर को खत्म हुई वर्ष 2021–2022 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वार्षिक वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही, जबकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जीडीपी में 20.1 प्रतिशत का इजाफा हुआ था, लेकिन वित्त वर्ष 2019–20 की पहली तिमाही के मुकाबले यह नौ प्रतिशत कम था। तिमाही आधार पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.6 फीसदी थी। यह कोविड की दूसरी लहर के दौरान आई गिरावट से बहुत बेहतर स्थिति को दर्शाता है। यदि हम कोविड से पहले वर्ष 2019–2020 की जीडीपी को 100 फीसदी मानें, तो पिछले डेढ़ वर्षों में जीडीपी में मात्र दो फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की यह रफ्तार व्यापक आधार पर रही है, हालांकि निजी खपत, जो जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा है और व्यापार और परिवहन क्षेत्र वित्त वर्ष 2019–2020 की चौथी तिमाही यानी कोविड से पहले के स्तरों से तीन फीसदी और नौ फीसदी नीचे है। आपूर्ति के मामले में सेवाओं और कृषि क्षेत्रों ने बेहतर प्रदर्शन किया। मांग के मामले में, निजी खपत और निवेश में मामूली सुधार देखा गया। टीकाकरण में तेज गति, जिसके तहत लगभग 48 फीसदी भारतीयों को टीके की दोनों खुराक मिली, तेज होती गतिशीलता और निर्यात क्षेत्र में बेहतर रिकवरी आने वाले समय के लिए सकारात्मक संकेत हैं। कर संग्रह में मजबूती आई है, जो आर्थिक सुधार की अंतर्निहित ताकत को दर्शाती है। नवंबर 2021 में जीएसटी संग्रहण रिकॉर्ड स्तर पर 1.3 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

आपूर्ति क्षेत्र की कमी और बाधाओं ने, उदाहरण के लिए सेमीकंडक्टर चिप और कोयले की आपूर्ति में कमी, विनिर्माण क्षेत्र के प्रदर्शन को प्रभावित किया है। इसके अलावा, मजबूत त्योहारी मौसम के बावजूद, दिवाली के बाद के सप्ताहों में बड़े पैमाने पर उपभोक्ता वस्तुओं की मांग में कमी देखी गई। सरकार के कर और अन्य राजस्व संग्रह बजट के अनुमानों से ऊपर रहे हैं, लेकिन विनिवेश लक्ष्य को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इस प्रकार, इस वर्ष राजकोषीय घाटा 6.8 प्रतिशत बढ़कर लगभग सात फीसदी हो सकता है। हालांकि सरकार ने समग्र व्यय को नियंत्रित करते हुए, कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने और खाद्य सब्सिडी बढ़ाने में एक सख्त संतुलन दिखाया है। लेकिन ईंधन के उत्पाद शुल्क में कटौती से सरकारी वित्त को और नुकसान होगा।

कृषि क्षेत्र ने निरंतर मजबूत विकास दिखाया है। इसके अलावा सरकारी सहायता कार्यक्रमों ने भी ग्रामीण आबादी की मदद की है। लेकिन यह अब तक ग्रामीण खपत में उच्च वृद्धि में तब्दील नहीं हुआ है। अगर तीसरी तिमाही की बात करें, तो परिणाम ज्यादा मिश्रित हो सकते हैं। कोविड की कम संक्रमण दर, व्यापक गतिशीलता और मजबूत टीकाकरण अभियान, उत्सव के दौरान भारी बिक्री और सरकारी खर्च में बढ़ोतरी से विकास की गति बढ़नी चाहिए। लेकिन टिकाऊ वस्तुओं, सस्ती कारों और दोपहिया वाहन और आपूर्ति क्षेत्र की बाधाओं, जैसे चिप और कोयले की कमी, जिसने अक्तूबर में उत्पादन को बड़े पैमाने पर बाधित किया, जो अब धीरे–धीरे सहज होता जा रहा है, के कारण बड़े पैमाने पर खपत वाले क्षेत्रों में मांग में कमी के जोखिम हैं।

नतीजतन आशंका है कि खपत में गिरावट के कारण तीसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त रह सकती है। हालांकि सेवा क्षेत्र, निवेश और निर्यात में बढ़ोतरी की उम्मीद है। अर्थव्यवस्था के प्रमुख संकेतक भी अर्थव्यवस्था में थोड़ी सुस्ती के संकेत दे रहे हैं। आशंका है कि सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि मौजूदा 8.4 फीसदी से घटकर तीसरी तिमाही में करीब 6.6 फीसदी तक रह जाएगी। लॉकडाउन के दौरान बंद पड़ी व्यावसायिक गतिविधियों को फिर से खोलने, निर्यात और सरकारी खर्च से अगले वर्ष की शुरुआत में विकास दर को मजबूती मिल सकती है, पर कम आय वाले परिवारों के लिए आय वृद्धि में कमी के बीच, उच्च मुद्रास्फीति निजी खपत की मांग के लिए जोखिम साबित हो सकती है।

कई देशों में कोविड का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन पाए जाने की चर्चा जोर–शोर से हो रही है। हालांकि अब तक भारत में इस वैरिएंट का पता नहीं लगा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर प्रतिबंध का असर अर्थव्यवस्था पर ज्यादा नहीं पड़ना चाहिए, क्योंकि सकल घरेलू उत्पादन में पर्यटन का योगदान मात्र 1.1 फीसदी ही है। लेकिन अगर डर के कारण गतिशीलता घटती है या घरेलू प्रतिबंधों को काफी हद तक सख्त किया जाता है, तो सेवा क्षेत्र के सामान्यीकरण की प्रक्रिया के लिए यह एक महत्वपूर्ण खतरा है। हम उम्मीद करते हैं कि आने वाली तिमाहियों में आर्थिक सामान्यीकरण जारी रहेगा, भले ही उसकी गति कम हो।

वित्त वर्ष 2022 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 9.4 फीसदी साल दर साल रहने की उम्मीद है। जहां तक मुद्रास्फीति की बात है, तो आपूर्ति क्षेत्र की बाधाओं और खासकर तेल की कीमतों ने मुद्रास्फीति पर भारी दबाव बना रखा है। उच्च लागत और उच्च थोक मुद्रास्फीति के बावजूद कंपनियों ने मार्जिन (लाभ) पर चोट की और कीमतों में वृद्धि को मामूली रखा। यह महंगाई भविष्य में रिजर्व बैंक का ध्यान खींचेगी। कुछ क्षेत्रों को छोड़कर वेतन में नाममात्र वृद्धि हुई है, ऐसे में लगातार उच्च मुद्रास्फीति का अनिवार्य उपभोक्ता वस्तुओं की मांग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। यह इस जोखिम की ओर इशारा करता है कि कुल मांग में सुधार में कमी आएगी और नकारात्मक आउटपुट अंतर अनुमान से अधिक समय तक बना रह सकता है, जिससे आरबीआई की प्रतिक्रिया में देरी हो सकती है।

ओमिक्रॉन वैरिएंट नीति–निर्माताओं के समक्ष अनिश्चितता का अतिरिक्त बोझ पैदा करेगा। हालांकि, बेसलाइन अब भी उच्च मुद्रास्फीति की ओर इशारा करता है, जिसमें हेडलाइन और कोर मुद्रास्फीति आरबीआई के दो से छह फीसदी के लक्ष्य सीमा के शीर्ष पर लगभग छह फीसदी पर रहने की संभावना है। ग्रोथ को कुछ मध्यम अवधि के जोखिमों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन यह चक्रीय रूप से ठीक हो रहा है। वायरस के नए वैरिएंट को लेकर अनिश्चितता सतत विकास के लिए प्रतिकूल हो सकती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# प्रियंका के आने के बावजूद कांग्रेस का आधे से अधिक घट गया मत प्रतिशत व सीटें

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : राजनीतिक विश्लेषक उपेंद्र राय के अनुसार, पहले एक मिथक था, "जो सीएम गौतमबुद्धनगर में जाता था, उसकी कुर्सी चली जाती थी। इस कारण कोई मुख्यमंत्री वहां नहीं जाता था। उस मिथक व डर को योगी आदित्यनाथ ने तोड़ा और वे हमेशा गौतमबुद्धनगर जाते रहते हैं। वैसे ही 1985 के बाद किसी को दूसरा कार्यकाल नहीं मिला। ये सारे मिथक भाजपा तोड़ पाएगी, इसका उत्तर भविष्य के गर्त में है। इतना जरूर है कि भाजपा ने ही पंजाब में पुनः सरकार न बनने के मिथक को तोड़ा था और ऐसे आसार दिख रहे हैं कि यहां भी उस मिथक को तोड़ देगी। यदि 2017 के विधानसभा चुनाव और 2019 का लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा के मतों को देखें तो यह कोई नहीं कह सकता कि मिथकों को तोड़ने में इसे कठिनाई हो सकती है। जो पार्टी 2012 में मात्र 15 प्रतिशत वोट बैंक के साथ 47 सीटें पायी थी, वह 2017 में 39.7 प्रतिशत मत पाकर 325 सीटें प्रदेश में हथिया लीं। उस समय भी कोई इस अनुमान में नहीं था कि भाजपा को इतनी सीटें भी मिल सकती हैं, क्योंकि राममंदिर आंदोलन जैसा माहौल भी कहीं नहीं दिख रहा था। इसके बावजूद सपा और बसपा से ऊब चुकी जनता ने भाजपा को सिर माथे पर बैठाया। 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा व सहयोगी दलों को मिलाकर 325 सीटें मिली थीं। उसमें सिर्फ भाजपा 312 सीटों पर जीत दर्ज की। भाजपा को मत प्रतिशत 39.67 था। वहीं सहयोगी दलों को मिलाकर 41.35 प्रतिशत रहा। वहीं समाजवादी पार्टी 224 सीटों से नीचे गिरकर 47 सीटों पर आ गयी। उसके मत प्रतिशत में 7.35 प्रतिशत कम होकर 21.8 प्रतिशत पर आ गया। वहीं बसपा का वोट बैंक मात्र 3.71 प्रतिशत वोट कम हुआ। उसका वोट प्रतिशत 22.2 रहा। भाजपा, सपा व बसपा के कुल पाये मत को देखें तो क्रमशः 34,403,039, 18923689 व 19281352 मत थे। वहीं 2017 में प्रियंका वाड्रा का यूपी चुनाव में सक्रिय होने के बावजूद कांग्रेस का 2012 के 28 सीटों व 11.67 प्रतिशत मत की अपेक्षा 2017 में सपा से गठबंधन के बावजूद मात्र सात सीटों व 6.25 प्रतिशत पर आकर लटक गयी। कांग्रेस की यूपी में यह सबसे कम सीटें रहीं। यह एक चौंकाने वाला ही वोट प्रतिशत था। ऐसे में राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि भाजपा के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। राजनीतिक विश्लेषक राजीव रंजन सिंह का कहना है कि अब तक के जनता के रूख को देखकर यही कहा जा सकता है कि भाजपा इस बार भी उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने जा रही है। राजनीति में कुछ कहा नहीं जा सकता लेकिन वर्तमान आधार किसी दूसरी पार्टी की सरकार बनते नहीं दिख रहा है। पिछले चुनाव में तो कोई चुनावी पंडित भाजपा का पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना रहा था लेकिन परिणाम देखकर सभी चौंक गये। इस बार तो सभी का अब तक का अनुमान भाजपा के पक्ष में ही सकारात्मक रूख दिख रहा है। यदि बसपा के वोट प्रतिशत पर नजर दौड़ाएं तो बसपा ने 2017 में बसपा का वोट बैंक मात्र 3.71 प्रतिशत वोट कम हुआ। उसका वोट प्रतिशत 22.2 रहा। कुल वोट 19281352 थे। वहीं 2012 में बसपा को 80 सीटें ही मिलीं लेकिन उसका वोट प्रतिशत 25.91 प्रतिशत था। वहीं 2007 में सर्वाधिक चरमोत्कर्ष पर रही बसपा को 206 सीटें मिली थीं। उस समय 30.43 प्रतिशत मत प्राप्त हुए थे। 2002 की अपेक्षा बसपा के मत प्रतिशत में 7.37 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई थी। यह वहीं समय था, जब बसपा ने ब्राह्मण–दलित गठजोड़ का कार्ड खेला था। 2002 में बसपा ने 23.06 प्रतिशत वोट व 98 सीटों पर जीत हासिल की थी। ऐसे देखा जाए तो 22 प्रतिशत से कम बसपा का वोट बैंक कभी कम नहीं हुआ। ऐसे में राजनीतिक पंडितों का मानना है कि बसपा के बारे में जितना कम का अनुमान लगाया जा रहा है। वैसा है नहीं। उसके भी लड़ाई में बने रहने का अनुमान है, जबकि बसपा के होने वाले वोट बैंक की कमी को भाजपा अपनी तरफ खिंच सकती है।

# आगामी विधानसभा चुनाव में व्यापारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे: संजय गुप्ता

आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रदेश के व्यापारियों ने अपनी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं जिस प्रकार से चुनाव में राजनीतिक दल अपनी तैयारी करते हैं ठीक उसी प्रकार से प्रदेश के व्यापारियों ने भी अपने मुद्दों को आगे बढ़ाते हुए अपनी समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए मार्ग प्रशस्त करने की रणनीति बनाई है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल (संबद्ध कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स )ने प्रदेश के व्यापारियों से राय मशवरा कर अपना 14 सूत्रीय मांग पत्र तैयार किया। "उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल" के प्रदेश अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने राजधानी लखनऊ में उत्तर प्रदेश में "ई कॉमर्स नीति" बनाने एवं "व्यापारी नीति आयोग" के गठन एवं "व्यापारी स्वास्थ्य बीमा" की मांग सहित सभी प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में व्यापारियों की मांगों को शामिल किए जाने हेतु 14 सूत्रीय खुला "मांग पत्र" जारी किया। खुला "मांग पत्र"जारी करने के अवसर पर बोलते हुए वरिष्ठ व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा अब समय आ गया है कि प्रदेश की आगामी नई सरकार व्यापारियों की सभी समस्याओं का स्थाई समाधान करें ताकि व्यापारी भी अपने आप को उपेक्षित ना महसूस करें उन्होंने कहा इस चुनाव में व्यापारियों का वोट निर्णायक भूमिका निभाएगा उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश में लघु ,छोटे ,मध्यम, बड़े मिलाकर एक करोड़ से अधिक व्यापारी हैं व्यापारियों के परिवार एवं उनके कर्मचारियों के परिवार को मिलाकर लगभग 4 करोड़ वोटों को प्रभावित करने की क्षमता व्यापारी समाज रखता है उन्होंने कहा जो प्रमुख राजनीतिक दल व्यापारियों की मांगों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करते हुए उन्हें पूरा करने का गंभीर आश्वासन देगा व्यापारी समाज उसी राजनीतिक दल को जिताने में अपनी उर्जा लगाएंगे उन्होंने कहा व्यापारियों की उपेक्षा उन्नति के मार्ग में बाधक है उन्होंने कहा अब कि विधानसभा चुनाव में व्यापारियों का वोट निर्णायक साबित होगा क्योंकि आदर्श व्यापार मंडल ने जाति धर्म की सोच से ऊपर उठकर व्यापारी बनकर वोट देने का जागरूकता अभियान शुरू किया है और इस चुनाव में व्यापारी व्यापारी बनकर ही वोट देगा संजय गुप्ता ने कहा कि संगठन द्वारा सभी राजनीतिक दलों के लिए मीडिया के माध्यम से खुला मांग पत्र जारी किया गया है इसके बाद प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं को भी यह मांग पत्र सौंपा जाएगा। पत्रकार वार्ता एवं "मांग पत्र" जारी करने के कार्यक्रम के अवसर पर संगठन के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन जयसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सांवरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष आसिफ किदवई, प्रदेश उपाध्यक्ष इकबाल हसन, नगर उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, नगर महामंत्री संजय त्रिवेदी, नगर महामंत्री विजय कुमार, नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन, डॉ साकेत चतुर्वेदी, मोहित कपूर ,जी एस चड्ढा, आनंद रस्तोगी, संजय कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ व्यापारी नेता मौजूद रहे।प्रमुख राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रो में प्रदेश के व्यापारियों की मांगों को शामिल कराने हेतु मांग पत्र ई–कॉमर्स प्रदेश में ई "कॉमर्स नीति" बनाई जाए । विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों द्वारा देश के नियम कानूनों का उल्लंघन करते हुए विभिन्न प्रकार के छदम तरीके अपनाते हुए किए जा रहे व्यापार पर अंकुश लगाने हेतु तथा उन्हें नियम कानूनों का अनिवार्य रूप से पालन कराने हेतु प्रदेश में "ई कॉमर्स नीति" बनाई जाए( ई–कॉमर्स नीति निर्मात्री समिति में प्रमुख व्यापारी संगठनों के व्यापारी प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएं) प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के व्यापारियों के व्यापार को ई–कॉमर्स के माध्यम से बढ़ाने हेतु राज्य स्तर पर सरकार द्वारा स्वयं अथवा पीपीपी मॉडल पर व्यापारियों के सहयोग से पूर्ण रूप से स्वदेशी "ई–कॉमर्स पोर्टल" तैयार किया जाए जिसमें प्रदेश के व्यापारियों को निशुल्क व्यापार करने की सुविधा हो ( यह पोर्टल व्यापारियों को केवल मार्केटप्लेस उपलब्ध कराने के मॉडल पर आधारित हो, पोर्टल द्वारा स्वयं बिक्री न की जाए) पोर्टल के प्रचार प्रसार के लिए सरकार अपने बजट में प्रावधान करें। व्यापारी नीति आयोगः–प्रदेश में व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने हेतु "व्यापारी नीति आयोग" का गठन किया जाए तथा इसमें प्रदेश के प्रमुख अनुभवी व्यापारियों को मुख्य भूमिका में रखा जाए तथा अधिकारियों को सदस्य के रूप में ही रखा जाए एवं "व्यापारी नीति आयोग" को सशक्त करते हुए प्रभावी अधिकार दिये जाए ,जिससे प्रदेश के व्यापार को बढ़ावा देने वाली नीतियां बन सके। गुड्स एंड सर्विस टैक्स :–। प्रदेश स्तरीय "जी एस टी सुझाव समिति "का गठन हो जिसमें प्रदेश के प्रमुख व्यापारिक संगठनों के अनुभवी विशेषज्ञ व्यापारी प्रतिनिधियों को सदस्य के रूप में शामिल किया जाए जिन के सुझावों को जी एस टी परिषद में राज्य सरकार की ओर से भेजा जाए तथा भेजें गए सुझावों के क्रियान्वयन की जी एस टी परिषद में राज्य सरकार की तरफ से मजबूत पैरवी की जाए। बीमा :– जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए 10 लाख रुपए का "व्यापारी स्वास्थ्य बीमा" सरकार द्वारा अनिवार्य रूप से दिया जाए 6. जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए दुर्घटना बीमा योजना की परिभाषा में बदलाव करते हुए दुर्घटना बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए 15 लाख रुपए करते हुए उसके दायरे में कोविड– 19 व अन्य महामारी एवं प्राकृतिक आपदा से होने वाली मृत्यु को भी जोड़ा जाए। कॉमर्शियल विद्युतः– कॉमर्शियल विद्युत कनेक्शन की दरें कम हो तथा कॉमर्शियल उपभोक्ता द्वारा जितनी विद्युत का उपयोग किया गया हो, सिर्फ उतनी विद्युत के मूल्य ही लिए जाएं डिमांड चार्ज, फिक्स चार्ज ,मिनिमम चार्ज आदि समाप्त हो, अर्थात जितनी बिजली उतने दाम। कामर्शियल हाउस टैक्सः–8.कामर्शियल हाउस टैक्स की दरें आवासीय हाउस टैक्स की दर से मात्र दुगनी निर्धारित की जाए वर्तमान में आवासीय दर से 5 गुना तक यह दरे प्रभावी हैं) जलकरः– जिन व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों पर वाटर कनेक्शन नहीं लिया गया हो तथा उनके प्रतिष्ठान में शौचालय मूत्रालय का प्रयोग ना हो रहा हो उन वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को जल कर के भुगतान से मुक्त रखा जाए केवल उन्हीं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों से जलकर वसूला जाए जो जल का कनेक्शन अथवा शौचालय मूत्रालय का प्रयोग करते हो। नगर विकासः–जनता की आवश्यकता के अनुसार स्वाभाविक रूप से प्रदेश के महानगरों में 18 मीटर से अधिक चौड़ी सड़कों पर जिन आवासीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में 80: से अधिक व्यवसायिक गतिविधियां हो रही हो उन बाजारों को बाजार मार्ग/ मार्केट स्ट्रीट घोषित किया जाए। प्रदेश के महानगरों में मिक्स लैंड यूज की व्यवस्था लागू की जाए। . व्यापारी सुरक्षाः– प्रदेश के व्यापारियों की सुरक्षा के लिए "व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ" को वास्तविक रूप से प्रभावी बनाया जाए तथा प्रदेश के हर थाने पर व्यापारी हेल्पडेस्क बने इंस्पेक्टर राजः– व्यापारियों के वहां किसी भी तरह के सर्वे छापे की कार्यवाही पर पूर्णतया प्रतिबंध हो,विशेष परिस्थितियों में केवल मुख्यमंत्री की अनुमति से ही छापे पड़े (कुछ प्रदेशों में यह व्यवस्था लागू है) –पैकेट

# दाना पानी सेवा संस्थान ने विश्व एड्स दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार ।दुनियाभर में हर साल 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस (World AIDS Day) मनाया जाता है। इस दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना है। सबसे पहले विश्व एड्स दिवस को वैश्विक स्तर पर मनाने की शुरुआत WHO ने अगस्त 1987 में की थी। दाना पानी सेवा संस्थान ने अयोध्या राम नगरी के नयाघाट में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जानकारी दी। दाना पानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष कुलभूषण साहू ने बताया विश्व एड्स दिवस 2021 की "असमानताओं को समाप्त करें, एड्स का अंत करें" है ।क्या है एड्स रोग– एड्स (AIDS) का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यून डेफिशिएंसी सिंड्रोम है। यह एक संक्रामक यौन रोग है। जिस वायरस से यह पैदा होता है, उसे ह्यूमन इम्यून डेफिशिएंसी वायरस अर्थात संक्षिप्त रूप में एच. आई.वी. कहते हैं। दरअसल, शरीर की जीवाणुओं से लड़ने की अपनी एक स्वाभाविक शक्ति को इम्यूनिटी सिस्टम कहा जाता है। लेकिन एड्स के वायरस इन व्हाइट ब्लड सेल्स को क्रियाहीन करके व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक शक्ति को कम कर देते हैं, जिससे वायरस से लड़ने की शरीर की शक्ति खत्म हो जाती है और रोग शरीर में अपना अधिकार जमा लेता है। कैसे फैलता है एड्स– एचआईवी का एक मुख्य कारण संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने, ब्लड चढ़ाने के दौरान शरीर में एचआईवी संक्रमित रक्त के चढ़ जाने से, एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति पर इस्तेमाल की गई इंजेक्शन की सुई का इस्तेमाल करने से या फिर एचआईवी पाजिटिव गर्भवती महिला गर्भावस्था के समय, प्रसव के दौरान या इसके बाद अपना दूध पिलाने से नवजात शिशु को संक्रमणग्रस्त कर सकती है ।एड्स से बचाव– एड्स एक जानलेवा बीमारी है। इस रोग का अभी तक कोई समुचित इलाज उपलब्ध नहीं है। इस रोग से दूर रहने




के लिए बचाव ही एकमात्र बेहतरीन उपाय है। –असुरक्षित सेक्स संबंध, समलैंगिक सेक्स संबंध और वेश्याओं से सेक्स करने से बचें। पार्टनर के साथ ही संबंध बनाएं। –संभोग के बाद मूत्र त्याग करके अपने गुप्तांगों को साफ पानी से अच्छी तरह धोएं। –होठों पर घाव, खून का रिसाव हो तो चुम्बन से बचें। इस बीमारी के वायरस लार के माध्यम से आपके खून में पहुंचकर आपको इस रोग से पीड़ित कर सकते हैं।–सैलूनों में शेविंग करवाते समय नई ब्लेड का उपयोग करने को कहें। ब्लड को शरीर में लेने के पहले उसकी एच.आई.वी. मुक्त होने की जांच अवश्य करवा लें। एड्स से संक्रमित महिलाएं गर्भधारण न करें, क्योंकि यह रोग उनके शिशुओं में भी संक्रमित हो जाता है। –इंजेक्शन लगवाते समय डिस्पोजेबल सिरिंज और निडिल का ही प्रयोग करें और दाना पानी सेवा संस्थान ने जो लोग एड्स की वजह से अपनी जिंदगी को चुके है उन्हें मोमबत्ती जाला कर श्रद्धांजलि दी। दाना पानी सेवा संस्थान के अध्यक्ष श्री कुलभूषण साहू व उपाध्यक्ष जुल्फेकारआलम, मीडिया प्रभारी वीरेन्द सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर मनतशा फिरदौस, सीमा गौड़, शशि शर्मा, जुली, मनोज इत्यादि लोगों ने सहयोग किया था।

# भाजपा सरकार ने माफियाओं को जमींदोज कर व्यापारियों को भय मुक्त व्यवस्था दी:नरेश अग्रवाल

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि व्यापारी ने हमेशा देने का काम किया है बस उसकी एक ही लालसा रहती है कि उसे भय मुक्त और शांति व्यवस्था एवं कानून का पालन जैसा माहौल बना रहे। व्यापारी वर्ग ने पिछली सरकारों का माफिया माहौल देखकर ही भाजपा को प्रदेश में वोट दिया था और आने वाले चुनाव में मुख्यमंत्री योगी का पांच साल का भय मुक्त माहौल देखकर उसके साथ चलने को तैयार है। भाजपा सरकार की व्यापारियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही जिनसे लाखो व्यापारियों को लाभ पहुंच रहा है। प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति व्यापारियों और कारखानों और जनता को मिल रही है। प्रदेश में चल रही विकास की योजनाओं में भाजपा सरकार ने पिछली सभी सरकारों को पीछे छोड़ दिया। केंद्र और प्रदेश सरकार ने विकास की योजनाओं को पायदान पर खड़े अन्तिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया । भारत आज विश्व गुरु बनने की तरफ अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने कहा की जब तक नरेश है वैश्य बिरादरी का बच्चा बच्चा भाजपा के साथ है। भाजपा की सरकार ने माफियाओं को जमीदोज कर व्यापारियों और जनता को भय मुक्त वातावरण दिया। नरेश अग्रवाल बोले की जब वैश्य बाजार में और ब्राह्मण चौराहे पर जिस पार्टी की चर्चा करने लगे समझ लीजिए सरकार उसी की बनने वाली



है। जबकि भाजपा के साथ तो सभी जाति अगड़े, पिछड़े, दलित एवं सभी वर्ग के लोग खड़े हैं। जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कहा कि पिछली सरकारो में माफिया गुंडा टैक्स वसूलते थे पर भाजपा सरकार ने यह प्रथा और उसके सिरमौर को जेल पहुंचा दिया। कानून का राज कायम हुआ। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नवनीत गुप्ता आर्य द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन को प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री महेश गुप्ता, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, क्षेत्रीय मंत्री संजय गुप्ता ने भी संबोधित किया ।सम्मेलन का संचालन नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन राम प्रकाश शुक्ला ने किया ।इस अवसर पर दिनेश गुप्ता प्र चेयरमैन सांडी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मधुर मिश्रा चेयरमैन हरदोई,विशाल जायसवाल मल्लावां,अनुराग मिश्र माधौगंज, संदीप गुप्ता, रमाकांत मौर्य, अक्षय सिंह, योगेश बाथम, पंकज गुप्ता, विशाल सेठ, आजाद सिंह,गंगेश पाठक समेत सैकड़ों व्यापारी एवं भाजपाई मौजूद रहे।

# प्रयागराज में हुआ था पेपर छापने का ठेका लेने वाली कंपनी के लोगों से डील

प्रयागराज ब्यूरो : सचिव, परीक्षा नियामक प्राधिकारी संजय उपाध्याय ने नई दिल्ली की जिस आरएसएम फिनसर्व लिमिटेड को यूपीटीईटी परीक्षा का पेपर छापने का ठेका दिया था, उसके अधिकारियों से पूरी डील शहर में ही हुई थी। सचिव ने प्रिंटिंग प्रेस की जांच के बिना ही कंपनी को काम दे दिया था। कंपनी ने चार अलग–अलग प्रिंटिंग प्रेस में पेपर छपवाए, जिससे छपाई के बाद ही पेपर लीक हो गया था। यूपीटीईटी परीक्षा के लिए सचिव ने 26 अक्तूबर को आरएसएम फिनसर्व कंपनी को प्रश्नप्रत्र की छपाई के लिए वर्कआर्डर दिया था। कंपनी के लोग सचिव से काफी पहले से ही सेटिंग में लगे थे। कंपनी के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर में किसी स्थान पर संजय उपाध्याय से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ही कंपनी को पेपर छापने का ठेका मिल गया। इतनी महत्वपूर्ण परीक्षा का प्रश्नपत्र कहां छपेगा, सचिव ने न तो इसकी कोई जांच कराई न ही कंपनी से इस तरह के काम का कोई अनुभव प्रमाणपत्र मांगा। कंपनी के पास सिक्योरिटी प्रिंटिंग प्रेस था ही नहीं। कंपनी ने चार अलग प्रिंटिंग प्रेस में पेपर छपवाए। हर स्तर पर लापरवाही बरती गई। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक संजय उपाध्याय ने एक ऐसी कंपनी को बिना जांच के ही काम दे दिया, जोकि प्रश्नपत्र मुद्रित करने में सक्षम ही नहीं थी। संजय ने पूछताछ के दौरान अपनी इस गलती को स्वीकार कर लिया। संजय के खिलाफ धारा 420, 409 और 120 बी के तहत नोएडा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस बात की जांच की जा रही है कि आखिर किस डील के तहत कंपनी को इतना बड़ा वर्कआर्डर दे दिया गया। संभावना है कि इस मामले में और लोगों की गिरफ्तारी की जा सकती है।

### जिले में 11 दिसम्बर को धूमधाम से आयोजित होगा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम

अयोध्या (अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर संवाददाता) ।जिले में 11 दिसम्बर को धूमधाम से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित होगा ।जिसमें कुल 700 जोड़े विवाह बंधन में बधेंगे ।पांच जुलाई को पूर्व निर्धारित सामूहिक विवाह का कार्यक्रम शासन स्तर से निरस्त हो गया था। ब्लाकों पर सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारिया पूरे शबाब से चल रही है ।इस समय योगी सरकार की टॉपटेन योजनाओं में शुमार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का अयोजन इस बार तारुन ब्लाक में न होकर जिले के मया ब्लाक में 11 दिसम्बर को आयोजित होगा ।जिसमे मया व तारुन ब्लाक के पंजीयन करा चुके 140 जोड़े विवाह के परिणय सूत्र में बंधेगे ।वही जिले में कुल 700 जोड़ो का शादी कराने का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है ।इस संबंध में एडीओ समाज कल्याण तारुन मनीष वर्मा ने बताया कि जिले से मिले दिशा निर्देशो के अनुपालन में पंजीकृत करा चुके लाभार्थियो की चयन प्रक्रीया को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

